[This question paper contains 4 printed pages.]

**Sr. No. of Question Paper : 4005** **C** आपका अनुक्रमांक............

Unique Paper Code : 205183

Name of the Paper : CP 1.4 : हिंदी भाषा (ग) / Hindi Language (C)
(प्रवेश वर्ष 2011 और तत्पश्चात्)

Name of the Course : B.Com. (P) / बी. कॉम. (P)

Semester : I

Duration : 3 Hours

Maximum Marks : 75

<u>छात्रों के लिए निर्देश</u>

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

1. दिए गए निर्देशों का पालन कीजिए : (1×21=21)

(क) किन्हीं दो शब्दों के उपसर्ग व मूल शब्द अलग कीजिए :

सपरिवार, अनधिकार, विनाश, दुर्गम।

(ख) 'प्र' या 'सु' उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए।

(ग) किन्हीं दो शब्दों के प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए :

दुष्टता, तैराक, बुढ़ापा, हनुमान।

(घ) 'पन' या 'आहट' प्रत्यय वाले दो शब्द लिखिए।

(ङ) किन्हीं दो शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए :

गजानन, विद्यालय, सुरेश, गिरीश।

(च) किन्हीं दो शब्दों की संधि कीजिए :

महा + आत्मा, अभि + इष्ट, राका + ईश, सत्य + आग्रह।

*P.T.O.*

(छ) किन्हीं **दो** शब्दों का समास-विग्रह कीजिए :

दानवीर, महादेव, माता-पिता, दशानन ।

(ज) किन्हीं **दो** के लिए **एक-एक** समस्त पद लिखिए :

राह के लिए खर्च, शरण को आगत, देश से निकाला, अपराध नहीं है जिसका ।

(झ) किन्हीं **दो** शब्दों के विलोम लिखिए :

दिन, अस्त, धरती, धूप ।

(ञ) किसी **एक** शब्द के **दो** पर्याय लिखिए :

धरती, हाथी, पहाड़ ।

(ट) किसी **एक** शब्द के **दो** भिन्न अर्थ लिखिए :

अंक, सोना, पद ।

(ठ) आज्ञार्थ वृत्तिसूचक वाक्य में बदलिए :

कृपया मेरे घर आएँ ।

(ड) भविष्यत् काल में बदलिए :

दिनेश पछता रहा है ।

(ढ) भाव वाच्य में बदलिए :

उमेश नहीं पढ़ा सकता ।

(ण) वाच्य बताइए :

उषा से काम नहीं किया जाता ।

(त) सही क्रिया-रूप द्वारा रिक्त स्थान भरिए :

अलका नियम पर नहीं ...... । (चलना)

(थ) प्रेरणार्थक क्रिया में बदलिए :

अभिषेक काम करता है ।

(द) उद्देश्य ओर विधेय अलग करिए :

मोहन चुप रहता है ।

(ध) मिश्र वाक्य में बदलिए :

मुकेश दिल्ली आया। उसने राहुल से मदद माँगी।

(न) रचना की दृष्टि से वाक्य का प्रकार लिखिए :

रीना खाना खाती है।

(प) वाक्य शुद्ध कीजिए :

बच्चे को काट कर सेब खिलाओ।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (3×6=18)

(क) भाषा समाज की संरचना में कैसे सहयोग देती है ? विचार कीजिए।

**अथवा**

शारीरिक मुद्राएँ और भंगिमाएँ किस प्रकार भाषा बनती हैं ? स्पष्ट कीजिए।

(ख) भाषा और बोली में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

हिन्दी की प्रमुख शैलियों का परिचय दीजिए।

(ग) संपर्क भाषा से क्या अभिप्राय है ?

**अथवा**

राजभाषा के रूप में हिन्दी की स्थिति पर विचार कीजिए।

3. किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए : (3×6=18)

(क) टेलिविजन सीरियलों में प्रयुक्त हिन्दी का स्वरूप।

(ख) व्यावसायिक हिंदी की विशेषताएँ।

(ग) विज्ञापनों में प्रयुक्त हिंदी।

(घ) साहित्यिक हिंदी से तात्पर्य।

(ङ) बोलचाल की हिंदी।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (5 + 5 + 8 = 18)

(क) समाचार की भाषा पर विचार कीजिए ।

**अथवा**

किसी **एक** हिंदी फिल्म में प्रयुक्त भाषा पर विचार कीजिए ।

(ख) कॉलेज में आयोजित 'स्वागत-समारोह' पर एक रिपोर्ट तैयार करें ।

**अथवा**

भारत के क्रिकेट मैच जीतने पर दो मित्रों का संवाद लिखिए ।

(ग) किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

(i) खेल जगत में भारतीय महिलाएँ

(ii) मेट्रो का सफ़र

(iii) खुदरा क्षेत्र में विदेशी निवेश

(iv) मोबाइल क्रांति